दैनिक
उत्तरांचल दीप
हर बार असरदार

अपना फ्रंट

●देहरादून ● सोमवार ● 11 दिसंबर 2017

Web : dainikuttaranchaldeep.com

Email : uttaranchaldeep@gmail.com

गैरसैंण में दो दिन की चकाचौंध के बाद फिर सन्नाटा

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

गैरसैंण। गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में दो दिन की चकाचौंध के बाद फिर से सन्नाटा पसर गया है। विधानसभा भवन में अस्थायी रूप से बनाये गये विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित मंत्री कक्षों के सोफे व कुर्सियों को उठा लिया गया है। वहीं सभा मंडप व बेंच की सजावट भी समेट दी गई है, जबकि विधायक आवास व ऑफिसर हॉस्टल में आवासीय व्यवस्था के लिए लाये गये बिस्तर ट्रकों में भर कर रवाना कर दिए हैं। दीवालीखाल-भराड़ीसैंण मोटर मार्ग पर जहां पुलिस वाहनों के हूटर चिल्ला रहे थे अब सब शांत है। दूसरी ओर दिनभर प्रदर्शन व विधानसभा घेराव के लिए सड़कों पर उतरने वाले जत्थों के नदारद होने से एनएच पर हर वक्त लगने वाले जाम से भी नगर क्षेत्र को निजात मिल गई है, आम यात्री व नगरवासी सुकून महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अवतार सिंह नेगी ने कहा कि मात्र सैर-सपाटा करने के लिए सत्र का आयोजन प्रदेश हित में नहीं है, जनता की कमाई को बर्बाद किया जा रहा है।

28 से बंगलुरू और लखनऊ के लिए 2 नई फ्लाइटें शुरू

चंद्रमोहन कोठियाल

@ dainikuttaranchaldeep.com

डोईवाला। देहरादून से बंगलुरू और लखनऊ के बीच हवाई सफर करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। आगामी 28 दिसंबर से देहरादून से बंगलुरू और लखनऊ के लिए दो नई हवाई सेवाएं शुरू होने जा रही हैं।

एयरपोर्ट पर पहले से सेवाएं दे रही इंडिगो एयरलाइंस देहरादून-बंगलुरू और देहरादून-लखनऊ के बीच 28 दिसंबर से अपनी दो अन्य सेवाएं शुरू करने जा रही है जिससे हवाई यात्रियों को लाभ मिलेगा और देहरादून एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई,

श्रीनगर, लखनऊ के साथ ही बंगलुरू से भी सीधी हवाई सेवा से जुड़ जाएगा। ये पहला मौका होगा जब जौलीग्रांट से बंगलुरू के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। इससे पहले तमाम कंपनियों की उड़ानें वाया दिल्ली होते हुए बंगलुरू जाती थी। लखनऊ खासकर बंगलुरू के लिए जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सीधी उड़ान होने से हवाई पैसेंजरों को वाया दिल्ली होते हुए नहीं जाना पड़ेगा जिससे समय की काफी बचत

- अब बंगलुरू के लिए जौलीग्रांट से होगी सीधी उड़ान

होगी और हवाई यात्री बिना किसी झंझट के आवाजाही कर सकेंगे। एयरपोर्ट सुत्रों के अनुसार देहरादून-बंगलुरू के बीच इंडिगो 28 दिसंबर से सेवाएं शुरू करने जा रहा है। बंगलुरू से इंडिगो की सीधी उड़ान शाम 4 बजे जौलीग्रांट में लैंड होगी। हवाई यात्रियों को लेकर 4:30 बजे टेक ऑफ करेगी।

वहीं लखनऊ वाली उड़ान दोपहर 1:40 पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उतरेगी और 2:10 पर एयरपोर्ट से वापसी करेगी। इंडिगो की 2 अन्य सेवाएं शुरू होने के बाद एयरपोर्ट पर उड़ानों की कुल संख्या 22 हो जाएगी।

इंडिगो एयरबस से शुरू करेगा नई सेवा

डोईवाला। इंडिगो कंपनी 28 दिसंबर से देहरादून-बंगलुरू और देहरादून-लखनऊ के बीच अपने 320 एयर बस से अपनी सेवाएं शुरू करने जा रहा है। इसमें कुल 170 हवाई यात्री आवाजाही कर सकेंगे।

बंपर पैसेंजरों और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण इंडिगो 28 दिसंबर से जौलीग्रांट से बंगलुरू और लखनऊ के लिए अपनी नई सेवाएं शुरू करने जा रहा है। जिससे हवाई यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा।

विनोद कुमार शर्मा
एयरपोर्ट निदेशक देहरादून।

उद्घाटन/ सीएम ने की दुनाव लघु जल विद्युत परियोजना जनता को समर्पित

कृषि को रोजगार का माध्यम बनाएं युवा

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

पौड़ी/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रविवार को जनपद पौड़ी गढ़वाल के बीरोंखाल ब्लॉक में उत्तराखंड जल विद्युत निगम की 1500 किलोवाट की दुनाव लघु जल विद्युत परियोजना को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने इसे पर्वतीय क्षेत्र में विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि जनता को समर्पित इस लघु जल विद्युत परियोजना को शहीद राम प्रसाद नौटियाल के नाम से जाना जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पौड़ी जिले के दूरस्थ विकास खंड बीरोंखाल में नयार नदी पर निर्मित दुनाव लघु

दुनाव लघु जल विद्युत परियोजना का लोकार्पण करते सीएम

जल विद्युत परियोजना का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को पहाड़ हित में बताया। कहा कि इस परियोजना से सिमली, कांडा, पाली व बीरोंखाल समेत 55 गांवों को न सिर्फ लाभ मिलेगा बल्कि स्थानीय युवकों को रोजगार भी प्राप्त होगा जिससे इस क्षेत्र में पलायन पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही अन्य जल विद्युत परियोजनाओं को भी पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लखवाड़-व्यास जल विद्युत परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु व बड़े प्रोजेक्ट स्थापित करने वाली कम्पनियों को सरकार भारी सब्सिडी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने शिक्षित बेरोजगारों से कृषि को रोजगार का माध्यम बनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। कहा कि शिक्षित युवाओं के लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं में लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा मिर्च, शहद, क्षेत्रीय फसलों आदि का उत्पादन कर बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने चमोली के घेस गांव की तर्ज पर हर क्षेत्र में सब्जियों के उत्पादन पर जोर दिया।

कहा कि अकेले घेस गांव के काश्तकारों ने 45 लाख रुपये की मटर का उत्पादन किया है। मुख्यमंत्री ने सैनिक परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीद सैनिक व अर्द्ध सैनिक बल के आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने पहाड़ों में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाने की रणनीति साझा की।

उन्होंने कहा कि अब ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सप्ताह में दो दिन ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र के ग्राम

- शहीद राम प्रसाद नौटियाल के नाम से जानी जाएगी परियोजना

सभाओं में जाकर लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे। मुख्यमंत्री ने इसे अनिवार्य रूप से अमल में लाने के निर्देश दिये हैं। कहा लापरवाही करने वालों पर सरकार कठोर कार्रवाई करेगी।

इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह रावत, ऊर्जा सचिव राधिका झा, यूजेवीएन के प्रबंध निदेशक एसएन वर्मा, परियोजना निदेशक संदीप सिंघल, निदेशक वित्त एलएम वर्मा, महाप्रबंधक अजय पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

देहरादून। अमृतसर में कराटे की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। प्रतियोगिता में सूबे के खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, आठ रजत एवं एक कांस्य पदक हासिल किया। रविवार को सभी पदक विजेता कराटे खिलाड़ियों को वन मैन आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट्स की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया किया गया। परेड ग्राउंड स्थित हिन्दी भवन में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि ओमपाल सिंह राठी रहे। इस अवसर पर मार्शल आर्ट के अध्यक्ष डॉ. नवीन हिक्की ने बताया कि अमृतसर में हुई इस प्रतियोगिता में भारत सहित इंडोनेशिया, बर्मा, बांग्लादेश, नेपाल व श्रीलंका आदि देशों ने भाग लिया। वन मैन आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट्स के कुल 22 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

इंडिया स्पोर्ट्स संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

देहरादून। इंडिया स्पोर्ट्स संघ की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। अभिषेक शर्मा को अध्यक्ष एवं सुमित कंधारी को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। यहां कौलागढ़ रोड स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता व दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष निशा तिवारी कपूर एवं शाहदरा प्रभारी रवि कपूर भी इस अवसर पर मौजूद थे। अवनीश सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, विनायक गौड़ को प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जायेगा। उनका कहना था कि समाज के मध्यम एवं निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे बच्चों में से ऐसे प्रतिभावान बच्चों को ढूंढ़कर भारतीय खेलों की ओर आगे बढ़ाना होगा जो खेलों के लिए अपना कैरियर बनाने के प्रति उत्सुक हो सकें और संघ इस ओर व्यापक स्तर पर कार्य करेगा।

मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

देहरादून। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जन जागरण अभियान समिति ने मानवाधिकार, विधि व्यवस्था, पुलिस प्रशासन विषय पर जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर आईएएस अनुराधा मयंक मुख्य अतिथि थीं। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि संविधान में प्रत्येक नागरिक के अपने अपने मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों पर जागरूक होने की जरूरत है। इन अधिकारों से सभी को अवगत होना भी चाहिए। इस अवसर पर न्यायाधीश विवेक श्रीवास्तव, रामिन्द्री मन्द्रवाल, स्वप्निल सिन्हा, आचार्य विपिन जोशी, जीएल सडाना, शक्ति प्रसाद सेमवाल, सुशील सिंह, मयंक बंसल, विक्रम रावत, शशि भूषण मैठाणी, आनंद बुटोला, योगेश भट्ट, आईशा नेगी, आदि मौजूद थे।

नरेश राणा बने आर्यन छात्र संगठन के अध्यक्ष

देहरादून। रविवार को दून में हुई आर्यन छात्र संगठन केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक से पहले संगठन के संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के लिए केंद्रीय कार्य समिति के सदस्यों ने आम सहमति से शक्ति सिंह बर्त्वाल को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया। इसी क्रम में चुनाव अधिकारी ने तीन सदस्यों की विवाद निवारण समिति का गठन किया। इसके बाद शुरू हुई बैठक में केंद्रीय कार्यसमिति के सामने प्रदेश भर से आए प्रमुख दावेदारों की सूची रखी गई। आर्यन छात्र संगठन प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख दावेदार के तौर पर भगवती प्रसाद, नरेश राणा, संजय बिष्ट, महेंद्र पाल राणा व सचिन थपलियाल सामने आए। इन पांचों नामों पर केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्यों ने चर्चा के बाद सर्व सहमति से नरेश राणा को प्रदेश अध्यक्ष एवं संजय बिष्ट को प्रदेश संयोजक मनोनीत किया। इस अवसर पर केंद्रीय कार्य समिति के अध्यक्ष राकेश नेगी व संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित नेगी भी मौजूद रहे।

अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी

गैरसैंण। गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने की मांग को लेकर नशा नहीं रोजगार दो गैरसैंण राजधानी दो, अभियान की ओर से गैरसैंण के रामलीला मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रही। इस दौरान भूख-हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी स्मृता परमार व थानाध्यक्ष गैरसैंण रवि नेगी ने अनशन स्थल पर पहुंच भूख-हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों से वार्ता की किन्तु अनशन पर डटे अभियान दल के चार सदस्यों ने भूख-हड़ताल समाप्त करने से इन्कार कर दिया। उपजिलाधिकारी ने धरने पर बैठे आन्दोलनकारियों को मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन दिया जिसपर आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे प्रवीण सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से लिखित आश्वासन दिये जाने की बात कही। स्वास्थ्य कर्मियों ने अनशनकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें अनशनकारी महेश चंद्र के वजन में दो किलो व प्रवीण सिंह के वजन में डेढ़ किलो की कमी दर्ज की गई। अनशनकारी विनोद जुगरान व रामकृष्ण तिवारी के वजन में भी कमी व उच्च रक्तचाप दर्ज किया गया। आन्दोलन को समर्थन देने वालों में उत्तराखंड अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गोविंद सिंह, उत्तराखंड आर्य समाज महामंत्री दयाकृष्ण कांडपाल शामिल रहे।

मानवाधिकार संरक्षण को बेहतर तालमेल जरूरी

कोटद्वार। जनाधिकार मंच की ओर से विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित गोष्ठी में लोगों से अपनी कानूनी एवं संविधान में प्राप्त अधिकारों के बारे में जागरूक रहने की अपील की। रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी एवं अधिवक्ता अरविंद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राजनीतिक विद्वेष से ऊपर उठकर जनहितों और मानव अधिकारों के संरक्षण आगे आना होगा। कहा कि पुलिस और अन्य अधिकारियों व जनता के बेहतर तालमेल से मानव अधिकारों का संरक्षण संभव है। कार्यक्रम में सरल कानूनी ज्ञानमाला से संबंधित पुस्तकें वितरित की गई। इस दौरान अध्यक्ष आशाराम, चंद्रप्रकाश, अरुण परमार, संजय चौधरी, मुकेश कुकरेती, पूर्व सभासद रेश्मा, शमीम, जब्बार, हरपाल, रेखा, एडवोकेट अरविंद वर्मा मौजूद रहे।

देवसारी की जैव विविधता जानने पहुंचेंगे प्रकृति प्रेमी

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

नई टिहरी। प्रसिद्ध पर्यटक स्थल देवलसारी की जैव विविधता जानने के लिए विभिन्न राज्यों से प्रकृति प्रेमी, शोध छात्र और छायाकार दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में यहां पहुंचेंगे। यहां 23 दिसंबर से पहली बार स्पेशल बर्ड वाचिंग कैंप आयोजित हो रहा है। पर्यावरण एवं विकास समिति की ओर से आयोजित इस कैंप में प्रकृति प्रेमी परिंदों समेत अन्य जीव-जंतुओं का अध्ययन करेंगे।

जिला मुख्यालय टिहरी से 80 किमी की दूरी पर स्थित देवलसारी को परिंदों एवं तितलियों का संसार कहा जाता है। यहां तितलियों की करीब 150, परिंदों की करीब 148 और चमगादड़ की करीब 18 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा उड़ने वाली गिलहरी भी यहां पाई गई है, जिसे हिमालयन फ्लाइंग स्क्वेरेल कहा जाता है।

हादसा: नदी में गिरी ट्रैक्टर-ट्राली, दो भाइयों की मौत

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

हरिद्वार। बिजनौर से हरिद्वार खाद लेने आ रही ट्रैक्टर-ट्राली रवासन नदी में पलट गई। जिसमें दो सगे भाईयों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि सुबह पवनवीर पुत्र ब्रजवीर सिंह (42) निवासी सराय अलाम नांगल सोती बिजनौर यूपी अपने दो कर्मचारियों लोकेश और उसके भाई चरण सिंह

- यूपी के बिजनौर से खाद लेने आ रहे दो अन्य भी घायल
- अचानक ट्रैक्टर चालक ने खो दिया था नियंत्रण

और एक अन्य मजदूर को लेकर हरिद्वार के ज्वालापुर खाद लेने के लिए आ रहा था। बताया जाता है कि ट्रैक्टर-ट्राली को मालिक पवनवीर चला रहा था। श्यामपुर थाना अंतर्गत ट्रैक्टर-ट्राली जैसे ही रवासन नदी पर पहुंची अचानक अनियंत्रित होकर कई फीट गहरे रवासन नदी की रेलिंग तोड़ते हुए गिर गई। इससे वहां गुजर रहे राहगीरों में हड़कंप मच गया।

पुलिस को फोन किया गया। श्यामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को ट्रैक्टर-ट्राली से बाहर निकाला। लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही दो सगे भाई लोकेश और चरण ने दम तोड़ दिया जबकि पवनवीर और धीर सिंह को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने दोनों सगे भाइयों के शवों को कब्जे में ले लिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

गरीबी पर बरसा और कहर

हरिद्वार। पुलिस के अनुसार मृतक दोनों भाई बेहद गरीब थे। जिसमें चरण सिंह की पत्नी को विकलांग बताया जा रहा है जबकि मां को दोनों आंखों से दिखता नहीं है। जबकि दूसरे भाई लोकेश के छोटे-छोटे चार बच्चे हैं।

कार्यक्रम: समाज के सहयोग से ही देश का विकास संभव

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। रोडवेज के पास रामलीला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय साहू-राठौर महासभा में मुख्य अतिथि पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई प्रहलाद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके मौजूद महासभा के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रहलाद ने कहा कि संपूर्ण समाज के सहयोग से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने मान सम्मान के लिये एकजुट होना

चाहिये। उन्हें अपने अधिकारों की भी जानकारी होनी चाहिये। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश में 10 प्रतिशत आबादी के लोग राठौर से समाज से जुड़े हैं मगर उन्हें अभी तक समाज को राष्ट्रीय पहचान नहीं मिली है। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों व रक्षा के लिये स्वयं एकजुटता से खड़े होना चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने संगठन को और मजबूती से खड़ा करने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में मौजूद विधायक राज कुमार ठुकराल, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता वेद ठुकराल, विकास शर्मा, श्री कांत राठौर, काशीनाथ, राजाराम, ललित राठौर, विजय गुप्ता, राजेन्द्र राठौर, किरन राठौर, आनंद प्रकाश गुप्ता, जमुना प्रसाद साहू, रामप्रसाद साहू, दिनेश राठौर, तेज प्रकाश साहू, तारा चन्द्र राठौर आदि मौजूद थे। संचालन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता ने किया।

सवर्ण और दलित परिवारों के बीच सुलझा विवाद

घनसाली। भिलंगना के सीमांत गांव गंगी में पिछले एक सप्ताह से सवर्ण और दलित परिवारों के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने में आखिरकार प्रशासन सफल हो गया। पिछले छह दिनों से ब्लॉक में डेरा डाले दलित परिवार एसडीएम और पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में गंगी गांव चले गए हैं। सीमांत गांव गंगी में पिछले दो दिसंबर को गांव में हुए एक शादी समारोह में दलित और सवर्ण परिवारों के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद दलित परिवारों ने घनसाली ब्लॉक कार्यालय में शरण ली थी और गांव के 19 सवर्ण लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवा दिया था। वहीं दूसरे पक्ष ने भी दलित राकेश के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई थी। प्रशासन के साथ कई बार वार्ता के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हो पाया तो जिलाधिकारी सोनिका और एसएसपी टिहरी विमला गुंज्याल ने दो घंटे तक दलित लोगों के साथ वार्ता की और सात बिंदुओं का एक समझौता पत्र बनाया गया। इस पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर कर मामले को निपटाया गया।

प्रतियोगिता/ 'आपकी खूबसूरती उनकी नजर से' कांटेस्ट का आयोजन

दून फिनाले में शादीशुदा जोड़ों ने लिया भाग

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। आरएसपीएल लिमिटेड के वीनस क्रीम बार कॉटेस्ट 'आपकी खूबसूरती उनकी नजर से' का सिटी फिनाले रविवार को दून के एक होटल में आयोजित किया गया।

इस दौरान ज्यूरी ने देहरादून संस्करण में प्रतिभागी भाटिया दंपति को विजेता घोषित किया। फिनाले के दौरान प्रतियोगी शादीशुदा जोड़ों को ब्राइडल राउंड, कैमिस्ट्री राउंड और जजेज सवाल-जवाब राउंड के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना था। ज्यूरी में मॉडल अदिति शुक्ला, सोशलाइट एनी सिंह व कोरियोग्राफर अगेन्द्र गौतम शामिल

रहे। प्रतियोगिता में दून शहर के शादीशुदा जोड़ों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए परस्पर एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार तथा अपनी शादी की खूबसूरती को अपने अंदाज में जाहिर किया।

इस मौके पर आरएसपीएल के जनरल मैनेजर मोहित राज सिंह ने बताया कि देहरादून में इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आठवां संस्करण है। 14 शहरों में आयोजित इस प्रतियोगिता के माध्यम से शादीशुदा जोड़ों को अपने जीवनसाथी के साथ प्यार के रिश्ते की कोमलता एवं संवेदनशीलता का अहसास करने का मौका मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि लोगों को यह अहसास कराना प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि कैसे वे अपने शादी के अटूट रिश्ते को और अधिक मजबूत बना सकते हैं और कैसे इसे प्यार के साथ संजो सकते हैं। उन्होंने बताया कि छह महीने के लिए आयोजित प्रतियोगिता की शुरुआत सितम्बर में हुई, जिसमें अहमदाबाद, राजकोट, नागपुर, दिल्ली-एनसीआर, जयपुर और उदयपुर शहरों को पहले से कवर किया जा चुका है। अब देहरादून के बाद आगामी महीनों में यह प्रतियोगिता इन्दौर, जबलपुर, रायपुर, आगरा, लखनऊ और वाराणसी पहुंचेगी। अगले साल मुख्य ग्रैंड फिनाले के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा।